Nav Bharat (Indore), 08th September 2026, Page - 02

# मौजूदा समय में शिक्षकों को भी नई शिक्षण पद्धतियां अपनाना आवश्यक



शिक्षक दिवस पर प्राध्यापकों को किया सम्मानित। • सौजन्य संस्थान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर (आइआइटी) में सोमवार को शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया। इसमें संस्थान के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2026 में प्रो. राजेश कुमार, डा. स्वामीनाथन रामाबद्रन और डा. विजय ए.एस. को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार दिया गया। इनके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संकाय सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इनमें डा. दिब्येंदु मंडल, डा. कैलाशम रामालिंगम और प्रो. तुषार कांति मुखर्जी शामिल थे। विभिन्न सेमेस्टरों में लगातार बेहतर शिक्षण के लिए प्रो. अभिनव क्रांति को मानद पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि आइआइटी बोस्टन के प्रोफेसर एमेरिटस और पद्मश्री सम्मानित प्रो. जुजेर वासी रहे।

समारोह में 'एआइ के युग में कक्षा शिक्षण' विषय पर समूह चर्चा भी हुई। इसमें प्रो. किरण बाला, प्रो. तुषार कांति मुखर्जी और डा. विजय ए.एस. ने विचार रखे। चर्चा में बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग से कक्षा में पढ़ाने, सीखने और विद्यार्थियों की भागीदारी का तरीका तेजी से बदल रहा है। ऐसे में शिक्षकों को भी नई शिक्षण पद्धतियां अपनाने की जरूरत है। निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने प्रभावी और नवोन्मेषी शिक्षण पर जोर दिया। वहीं प्रो. जुजेर वासी ने सवाल पूछने और जिज्ञासा के महत्व को रेखांकित किया।